Daily Current Affairs 29 July 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. 28 जुलाई को मनाया गया विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस
• प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिये लोगों में जागरुकता पैदा करने हेतु प्रतिवर्ष 28 जुलाई को 'विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस' का आयोजन किया जाता है। इस साल की वर्ल्ड नेचर कंजर्वेशन डे 2022 की थीम 'Forests and Livelihoods: Sustaining People and Planet' रखी गई है।
• इस दिवस के आयोजन का प्राथमिक उद्देश्य दुनिया को स्वस्थ रखने के लिये पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित करने की आवश्यकता के बारे में जागरूकता पैदा करना है। विलुप्त होने की कगार पर मौजूद पौधों और जानवरों को बचाना विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस का प्राथमिक लक्ष्य है। इस दिवस पर प्रकृति के विभिन्न घटकों को अक्षुण्ण बनाए रखने पर भी ज़ोर दिया जाता है।

2. विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2022 में अमेरिका रहा शीर्ष पर
• जुलाई, 2022 में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2022 का आयोजन संयुक्त राज्य अमेरिका के यूजीन और ओरेगोन में हुआ है। यह चैंपियनशिप का 18वां संस्करण था। अमेरिका ने पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया है।
• विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 13 स्वर्ण, 9 रजत और 11 कांस्य सहित कुल 33 पदक जीतकर अमेरिका पहले स्थान पर रहा। वहीं, इथियोपिया 10 मेडल जीतकर दूसरे स्थान पर रहा। उसने 4 गोल्ड, 4 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज पर कब्जा जमाया। दो स्वर्ण, 7 रजत और एक कांस्य पदक जीतकर जमैका तीसरे नंबर पर रहा। वहीं भारत ने इस चैंपियनशिप में एकमात्र रजत पदक जीता। भारत पदक तालिका में 33वें स्थान पर रहा।

3. रोशनी नादर लगातार दूसरे साल भारत की सबसे अमीर महिला बनी
• देश की टॉप आईटी कंपनियों में शामिल एचसीएल टेक्नोलॉजीज की चेयरपर्सन रोशनी नाडर मल्होत्रा भारत की सबसे धनवान महिला बनी हुई हैं। वर्ष 2021 में उनकी कुल संपत्ति 54 प्रतिशत बढ़कर 84,330 करोड़ रुपये पर पहुंच गई।
• निवेश बैंकिंग की नौकरी छोड़कर करीब एक दशक पहले सौदर्य ब्रांड नायका शुरू करने वाली फाल्गुनी नायर 57,520 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति के साथ खुद से धनी बनी महिलाओं में सबसे आगे हैं। 27 जुलाई को जारी रिपोर्ट के अनुसार 59 वर्षीय नायर की संपत्ति में 2021 के दौरान 963 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई। वह भारत की दूसरी सबसे धनी महिला हैं।

4. उज्बेकिस्तान, कंबोडिया और आइवरी कोस्ट ICC के नए सदस्य बने
• जुलाई, 2022 में बर्मिंघम में आईसीसी की वार्षिक बैठक के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने तीन देशों को एसोसिएट सदस्य का दर्जा दिया है। उज्बेकिस्तान, कंबोडिया और आइवरी कोस्ट आईसीसी के नए सदस्य बने हैं। इसके साथ ही आईसीसी के सदस्य देशों की कुल संख्या 108 हो गई है जिसमें 96 एसोसिएट सदस्य हैं।

Daily Current Affairs 29 July 2022

• उज्बेकिस्तान और कंबोडिया को मिलाकर अब आईसीसी में एशियाई देशों की संख्या 25 हो गई है, वहीं आइवरी कोस्ट 21वां अफ्रीकी देश है जिसे आईसीसी की मेम्बरशिप मिली है।

5. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने किया देश में 11वीं कृषि संगणना का शुभारंभ
• 28 जुलाई, 2022 को देश में ग्यारहवीं कृषि संगणना (2021-22) का शुभारंभ केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने किया है। इस संगणना से भारत जैसे विशाल और कृषि प्रधान देश में व्यापक लाभ होगा।
• इस दौरान नरेंद्र सिंह तोमर ने राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के उपयोग के लिए संगणना हेतु प्रचालनात्मक दिशा-निर्देशों से संबंधित पुस्तिका का विमोचन किया, साथ ही डाटा संग्रह पोर्टल/ ऐप का शुभारंभ किया है।कृषि संगणना 5 वर्ष में की जाती है, जो कोरोना महामारी के कारण अब होगी। कृषि संगणना का फील्ड वर्क अगस्त 2022 में शुरू होगा।

6. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत में फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 2022 की मेजबानी के लिए गारंटी पर हस्ताक्षर करने को मंजूरी दी
• प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत में 'फेडरेशन इंटरनेशनेल डी फुटबॉल एसोसिएशन (फीफा) अंडर-17 महिला विश्व कप 2022' की मेजबानी के लिए गारंटी पर हस्ताक्षर करने को मंजूरी दी है।
फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 2022:-
• फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 2022 भारत में 11 अक्टूबर से 30 अक्टूबर, 2022 के बीच आयोजित किया जाएगा। द्विवार्षिक युवा टूर्नामेंट का सातवां संस्करण पहला ऐसा फीफा महिला टूर्नामेंट होगा जिसकी मेजबानी भारत करेगा।
• फीफा अंडर-17 पुरुष विश्व कप 2017 से जुड़ी सकारात्मक विरासत को आगे बढ़ाते हुए देश महिला फुटबॉल के लिए एक विशिष्ट क्षण की तैयारी कर रहा है जिस दौरान दुनिया भर की सर्वश्रेष्ठ युवा महिला फुटबॉल खिलाड़ी इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी को हासिल करने के लिए अपने अद्भुत कौशल का प्रदर्शन करेंगी।

7. छत्तीसगढ़ में मनाया गया 'हरेली पर्व'
• 28 जुलाई, 2022 को छत्तीसगढ़ अंचल का प्रथम त्यौहार 'हरेली' हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।
• हरेली त्यौहार छत्तीसगढ़ का प्रथम त्यौहार माना जाता है, जिसे प्रतिवर्ष सावन माह में हरेली अमावस्या के दिन मनाया जाता है। यह त्यौहार छत्तीसगढ़ के किसानों के लिये विशेष महत्त्व रखता है। धान की बुआई के बाद किसानों द्वारा हरेली के दिन सभी कृषि एवं लौह औज़ारों की पूजा की जाती है।
• हरेली पर्व में किसान बैलों और हल सहित विभिन्न औज़ारों की विशेष पूजा करने के बाद खेती-किसानी का काम शुरु करते हैं। हरेली त्यौहार के दिन घरों में इस त्यौहार का विशेष व्यंजन 'चीला' बनाया जाता है।

8. झारखंड सरकार शुरू करेगी 'मुख्यमंत्री सारथी-योजना'
• हाल ही में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 'मुख्यमंत्री सारथी-योजना' की शुरुआत करने की घोषणा की है।
• आपको बता दे कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट में झारखंड सरकार द्वारा झारखंड मुख्यमंत्री सारथी योजना आरंभ करने की घोषणा की गई थी।इस योजना के तहत राज्य सरकार सभी वर्ग/समुदाय के वैसे

Daily Current Affairs 29 July 2022

अभ्यर्थी, जो यूपीएससी, जेपीएससी सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये कोचिंग के खर्च का वहन नहीं कर पा रहे हैं, को अपने खर्चे से प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करवाएगी।

9. न्यूजीलैंड में दुनिया का पहला एंटी टोबैको बिल हुआ पेश

• हाल ही में न्यूजीलैंड संसद में सरकार ने दुनिया का पहला तंबाकू निरोधी बिल पेश किया है। इसमें तंबाकू से बने उत्पाद जैसे सिगरेट को खरीदने की उम्र, इन्हें कहां बेचा जाएगा, निकोटीन की मात्रा कितनी होगी, तंबाकू कंपनियों के नियम और स्मोक फ्री जनरेशन बनाने की बात कही गई है। ये 2023 तक लागू हो सकता है। विपक्ष ने भी इस बिल का समर्थन किया है।

10. भारतीय नौसेना को मिला विमानवाहक पोत 'विक्रांत'28

• जुलाई, 2022 को भारतीय नौसेना को कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड कोच्चि से प्रतिष्ठित स्वदेशी विमान वाहक विक्रांत की डिलीवरी मिल चुकी है। भारतीय नौसेना के नौसेना डिजाइन निदेशालय (DND) द्वारा इसकी डिजाइन तैयार की गई थी। यह CSL द्वारा निर्मित, शिपिंग मंत्रालय (MoS) के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र का शिपयार्ड है, जिसका नाम भारत के पहले विमान वाहक पोत विक्रांत के नाम पर रखा गया है। विमान वाहक विक्रांत ने 1971 के युद्ध में बड़ी भूमिका निभाई थी।